गुस्ताखी माफ

करें पढ़ाई के सिवा, टीचर सारे काम।
बिना पढ़ाये हो गया, कैसे इतना नाम।
कैसे इतना नाम, अजब इनके पैमाने।
उत्तम श्रेणी मिली, किस तरह रब ही जाने।
कह साहिल कविराय, नित्य होती रगड़ाई।
टीचर सब-कुछ करे, करा ना सके पढ़ाई।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल





RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 186 | MONDAY 13-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# कहीं नाली में तो नहीं बह रहा आपका खून !

## ऑनलाइन बढ़ते डायग्नोस्टिक टेस्ट के ट्रेंड से दर्जनों कंपनिया मैदान में

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 12 जुलाईः लोगों में डायग्नोस्टिक टेस्टों के बढ़ते चलन से पिछले कुछ समय में दर्जनों कंपनियां मैदान में उतर चुकी है जो लोगों को डायग्नोस्टिक पैकेज के बारे में लुभाकर अपने यहां से टेस्ट करने के लिए प्रेरित कर रही है सस्ते टेस्टों के चक्कर में लोग तेजी से इस और आकर्षित हो रहे हैं जिसके दिए चलते ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट होगा चालान तेजी से बड़ा है और परंपरागत लैब में लोगों की संख्या कम हो रही है। पर क्या यह टेस्ट सही ढंग से हो रहे हैं कहीं पर ऐसी लैब स्थित भी है या नहीं या आपका दिया हुआ खून सीधे नाली में बह रहा है यानी की रिपोर्ट में थोड़ा ऊपर नीचे करके बाकी टेस्ट ठीक बता दिए जाते हैं जिससे मरीज भी अपनी रिपोर्ट देखकर खुश हो जाता है। एक लैब 149 रुपए में कोलेस्ट्रॉल, विटामिन बी 12, सीबीसी तथा लीवर के टेस्ट करने का प्रलोभन दे रही तो दूसरी कितने पैसों में शुगर के टेस्ट भी करके दे रही है यही नहीं इसके अलावा लोगों को 350 रुपए में लिपिड प्रोफाइल वह अन्य टेस्ट भी करके दिए जा रहे हैं अगर कोई हजार 1200 के टेस्ट पैकेज बुक करता है तो उसमें उपरोक्त टेस्टों के अलावा विटामिन डी वह अन्य टेस्ट भी करके दिए जा रहे हैं फल स्वरुप लोगों के पास 15 20 पेज की रिपोर्ट आ जाती है जबकि सदानंद या बाजार में इतने ही टेस्ट चार से 6000 के बीच में होते हैं।




### कहां है लैब, किसने देखी, कौन है डॉक्टर ?

ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट करने वाली कंपनियां कहां से कम कर रही है इनकी लैब कहां स्थित है और वहां कौन सा डॉक्टर है जो सारा काम देख रहा है विशेषज्ञों का कहना है कि जो भी टेस्ट के लिए सैंपल लेने आए उससे वह लैब के डॉक्टर से बात करने को कहें अगर डॉक्टर बात करता है और आपकी तसल्ली होती है तो ठीक है अगर डॉक्टर की जगह कोई और व्यक्ति बात करता है और यह कहता है कि डॉक्टर उपलब्ध नहीं है तो ऐसी लैब से टेस्ट ना कराये क्योंकि उसका कोई अता पता हो यह जरूरी नहीं इसके अलावा उनकी ऑनलाइन लैब में मशीन भी है या नहीं और पैथोलॉजिस्ट भी तैनात है या नहीं कुछ नहीं कहा जा सकता।

### सोशल मीडिया पर ऐसी लैब की भरमार रिपोर्ट्स में आता है फर्क

उल्लेखनीय की इन दोनों सोशल मीडिया पर ऐसी लैब की भरमार है जो लोगों को सस्ते टेस्ट पैकेज देकर अपनी और आकर्षित कर रही है इनके विज्ञापनों में अब सेलिब्रिटी भी नजर आने लगे हैं यानी कि यह धंधा खूब जोरों पर है फॉरेन की रिपोर्ट्स में भी काफी फर्क नजर आ रहा है कुछ लोगों का कहना कि ऑनलाइन टेस्ट करने के बाद दो लैब की आपकी रिपोर्ट्स में भी फर्क होता है अगर वह किसी ऐसे अस्पताल या लैब से टेस्ट कारण तो भी ऑनलाइन लैब की रिपोर्ट में बहुत बार भारी अंतर सामने आ जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ


सीबिया मेडिकल सेंटर के एमडी मेडिसिन और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस एस सीबिया का कहना है कि बिना डॉक्टर की सलाह के टेस्ट ना करें और जिन टेस्टों की जरूरत है वही कराया जाए क्योंकि आपका फैमिली फिजिशियन या कोई अन्य विशेषज्ञ आपको सही सलाह दे सकते हैं वह लक्षणों के आधार पर आपको टेस्ट करने के लिए कहेंगे उसी के अनुसार टेस्ट कराए जाने चाहिए उन्होंने कहा कि डायग्नोस्टिक टेस्ट करने के लिए अपने शहर की अच्छी लैब का चयन करें ताकि जरूरत पड़ने पर आप उसके पैथोलॉजिस्ट से भी कंसल्ट कर सके जबकि कई लैब्स प्रबंधक अपने कई टेस्ट दिल्ली, मुंबई स्थित बड़ी लैब से कराने का दावा करते हैं परंतु जो टेस्ट आपके शहर में हो सकते हैं वह आपको वहीं से करने चाहिए क्योंकि सस्ते के चक्कर में कई बार लोग धोखा खा जाते हैं कौन सी ऑनलाइन लैब सहित टेस्ट कर रही है अपनी छानबीन के बिना पैसे की बबार्दी ना करें तो बेहतर है डॉ सीबीआई ने कहा कि अच्छी लैब और अस्पताल भी लोगों को टेस्ट के लिए पैकेज ऑफर करते हैं थोड़े अधिक पैसे देकर यह पैकेज वहीं से ले लेने चाहिए ताकि आपका भरोसा भी बना रहे वह आपको सही रिपोर्ट भी मिल सके।

### सस्ता रोए बार-बार

मरीज का उपचार कर रहे डॉक्टर मरीज का ऑनलाइन डायग्नोस्टिक टेस्ट करने के रुझान थे काफी परेशान है उनका कहना है कि उतने ही टेस्ट कारण जितने जरूरत है और वह ऑनलाइन ना कर कर किसी ऐसे लैब से टेस्ट कारण जो कल को जवाब देह भी हो ऐसे में मे मरीज को जरूरत के टेस्ट दोबारा किसी अच्छी लैब से करने को कहते हैं जिससे मरीज पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाता है।

# 2031 तक बदलेगी जीरकपुर की तस्वीर या कागजों में ही रहेगा मास्टर प्लान?

जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। तेजी से विस्तार कर रहे जीरकपुर में आबादी और वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित शहरी विकास सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आए हैं। शहर में हर महीने करीब एक हजार से 1200 नए परिवार बस रहे हैं, लेकिन इसके अनुरूप सडक, यातायात और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि वर्ष 2031 तक जीरकपुर का मास्टर प्लान




धरातल पर उतर पाएगा या फिर यह केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा। शहरी विकास विशेषज्ञों के अनुसार जीरकपुर की लगभग 40 प्रमुख सडकें मास्टर प्लान का हिस्सा हैं। यदि इन सडकों का तय मानकों के अनुसार चौड़ीकरण और विकास किया जाए तो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में काफी सुधार हो सकता है। फिलहाल कई प्रमुख मार्ग निर्धारित चौड़ाई से काफी संकरे हैं। ऐसे में मास्टर प्लान को लागू करने के लिए बड़े स्तर पर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी।

विशेषज्ञों का कहना है कि नगर परिषद के सीमित संसाधनों से इतने बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करना संभव नहीं है। इसके लिए पंजाब सरकार को विशेष बजट उपलब्ध कराना होगा। उनका सुझाव है कि पूरे मास्टर प्लान को एक साथ लागू करने के बजाय चार से आठ चरणों में पूरा किया जाए। पहले चरण में उन सडकों को प्राथमिकता दी जाए, जहां ट्रैफिक का दबाव सबसे अधिक है, जबकि बाद के चरणों में अन्य मार्गों का विकास किया जाए।

# साइकिल इंडस्ट्री पर सरकारी टेंडरों की 'साढ़ेसाती'

## क्या टेंडरों की बैसाखी पर दौड़ती इंडस्ट्री अचानक लड़खड़ा गई ?

### फैंसी साइकिल, ई-वाउचर और 25 लाख साइकिलों के टेंडर होल्ड होने से मची खलबली

लुधियाना/यूटर्न/12 जुलाई। करीब दस वर्षों से सरकारी टेंडरों की बैसाखियों के सहारे दौड़ रही भारतीय साइकिल इंडस्ट्री पर पिछले एक महीने में घटनाक्रम इतनी तेजी से बदले हैं कि उद्योग जगत इसे किसी बड़े बदलाव की आहट मानने लगा है। पहले दिल्ली सरकार के साइकिल टेंडर में पारंपरिक रोडस्टर की जगह फैंसी एमटीबी साइकिलों की एंट्री, फिर वर्षों से सरकारी खरीद में सक्रिय निमार्ता कंपनियों के बीच एक स्पोर्ट्स डीलर का एल-1 बनना, उसके बाद राजस्थान सरकार का टेंडर आधारित खरीद प्रणाली से हटकर ई-वाउचर मॉडल की ओर बढ़ना और अब सत्ता परिवर्तन के बाद पश्चिम बंगाल के 10 से 15 लाख तथा तमिलनाडु के लगभग 10 लाख वार्षिक सरकारी साइकिल टेंडरों का फिलहाल होल्ड पर चले जाने के इन घटनाक्रमों ने पूरे उद्योग में असमंजस, बेचैनी और भविष्य को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।






### 2500 करोड़ का है सरकारी साइकिल टेंडर कारोबार !

उद्योग सूत्रों के अनुसार ये घटनाएं अलग-अलग राज्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकारी साइकिल खरीद व्यवस्था में व्यापक बदलाव के संकेत दे रही हैं। देश में केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा छात्र-छात्राओं तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत हर वर्ष करीब 45 से 50 लाख साइकिलों की खरीद की जाती है। प्रति साइकिल 4,500 से 4,900 की औसत कीमत के हिसाब से यह सरकारी बाजार 2,025 करोड़ से 2,450 करोड़ का बैठता है। यही वजह है कि देश की अधिकांश बड़ी साइकिल निमार्ता कंपनियां और हजारों एमएसएमई इकाइयां अपनी उत्पादन क्षमता का बड़ा हिस्सा सरकारी टेंडरों को ध्यान में रखकर विकसित करती रही हैं।

### संयोग है या फिर बदल रही सरकारी टेंडर प्रणाली

उद्योग जगत का सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह केवल संयोग है या फिर देश के सरकारी साइकिल खरीद मॉडल को नए सिरे से परिभाषित करने की तैयारी चल रही है ? यदि आने वाले समय में अधिक राज्य टेंडर प्रणाली की जगह ई-वाउचर या डीलर आधारित वितरण मॉडल अपनाते हैं तो पिछले कई वर्षों से सरकारी टेंडरों पर आधारित साइकिल कारोबार की पूरी संरचना बदल सकती है। अब पूरे उद्योग की निगाह राजस्थान सरकार के अंतिम निर्णय, दिल्ली टेंडर की आगे की प्रक्रिया तथा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रुकी खरीद प्रक्रिया पर टिकी है। क्योंकि इन फैसलों से केवल टेंडरों का भविष्य नहीं, बल्कि देश के 2,500 करोड़ के सरकारी साइकिल बाजार की दिशा भी तय होगी।

### 1200 करोड़ के टेंडर अटके

सबसे अधिक चिंता पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के टेंडरों को लेकर है। उद्योग के अनुमान के अनुसार इन दोनों राज्यों में हर वर्ष करीब 20 से 25 लाख साइकिलों की सरकारी खरीद होती है, जिसकी अनुमानित कीमत 900 करोड़ से 1,225 करोड़ के बीच बैठती है। यदि इन राज्यों में टेंडर लंबे समय तक होल्ड रहते हैं या खरीद मॉडल बदलता है, तो इसका सीधा असर केवल साइकिल निमार्ताओं पर ही नहीं बल्कि कंपोनेंट उद्योग, स्टील, टायर-ट्यूब, पेंट, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और लाखों श्रमिकों की आजीविका पर भी पड़ सकता है। दिल्ली सरकार के टेंडर ने भी उद्योग में कई सवाल खड़े किए हैं। वर्षों से सरकारी योजनाओं में उपयोग होने वाली रोडस्टर साइकिलों की जगह इस बार एमटीबी श्रेणी को शामिल किया गया। साथ ही एक ना तजुबेकार स्पोर्ट्स डीलर माटा स्पोर्ट्स के एल-1 बनने से उद्योग के भीतर चर्चा तेज हो गई है कि क्या सरकारी खरीद की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। जबकि इसी टेंडर में बिड करने वाली दो बड़ी नामी साईकिल कम्पनिया हीरो इकोटेक एल-2 और एवन साईकिल एल-3 बन कर संतुष्टि करनी पड़ी ,वहीं राजस्थान सरकार द्वारा छात्राओं के लिए ई-वाउचर मॉडल अपनाने की दिशा में बढ़ाए गए कदम ने इस बहस को और गहरा कर दिया है कि आने वाले समय में पारंपरिक टेंडर आधारित खरीद प्रणाली की जगह डीलर आधारित वितरण मॉडल को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# गठबंधन या अकेली लड़ाई, पंजाब अब भी BJP की सबसे कठिन परीक्षा

राजनीति में अक्सर तेजी का फायदा मिलता है, लेकिन पुरानी कड़वी यादों को याद रखने की आदत भी उतनी ही पक्की होती है। जैसे-जैसे BJP 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है—हरियाणा के विकास मॉडल को पेश कर रही है और शिरोमणि अकाली दल के साथ संभावित गठबंधन के विकल्प खुले रख रही है—उसे एक ऐसी राजनीतिक सच्चाई का सामना करना पड़ रहा है जिसे सिर्फ.आंकड़ों के दम पर नहीं बदला जा सकता। कागज पर देखें तो इखढ के पास उम्मीद करने की वजहें हैं। कांग्रेस गुटबाजी से जूझ रही है, आम आदमी पार्टी को दो कार्यकाल के बाद सत्ता-विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है, और अकाली दल अभी भी अपनी खोई हुई अहमियत वापस पाने की कोशिश कर रहा है। BJP -अकाली गठबंधन, कम से कम सैद्धांतिक रूप से, पारंपरिक हिंदू-सिख वोट बैंक को एकजुट कर सकता है, जबकि अकेले चुनाव लड़ने से इखढ अपना स्वतंत्र आधार मजबूत कर सकती है। फिर भी, पंजाब में शायद ही कभी सिर्फ.गणित के आधार पर वोटिंग हुई हो। राज्य की राजनीति पर किसान आंदोलन की छाया अभी भी बनी हुई है। भले ही तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए हों, लेकिन विरोध प्रदर्शनों ने ग्रामीण पंजाब में राजनीतिक सोच को बदल दिया है। कई किसानों के लिए यह मुद्दा कानून का नहीं, बल्कि भरोसे का बन गया। इखढ ने गांवों में अपनी पहुंच बढ़ाई है, लेकिन संगठनात्मक मौजूदगी को चुनावी स्वीकार्यता में बदलना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। अकाली दल के साथ गठबंधन शायद उन यादों को मिटा न पाए। कृषि कानूनों का शुरू में समर्थन करने और बाद में केंद्र से दूरी बनाने के कारण अकालियों को भी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी थी। BJP के लिए दूसरी चुनौती शहरी पंजाब में है, जो पारंपरिक रूप से उसका सबसे मजबूत गढ़ रहा है। व्यापारी और कारोबारी लंबे समय से पार्टी को आर्थिक विकास के लिए स्वाभाविक पसंद मानते रहे हैं। फिर भी, राजनीति में धारणा उतनी ही अहम है जितनी कि नीतियां। एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट द्वारा AAP के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी ने राजनीतिक चर्चा का रुख बदल दिया है। हालांकि BJP को उम्मीद हो सकती है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से AAP को नुकसान होगा, लेकिन शहरी मतदाताओं की तरफ से कोई खास प्रतिक्रिया न मिलने से यह साफ नहीं होता कि वे इखढ के साथ आ गए हैं। पंजाब की राजनीति क्षेत्रीय मुद्दों—जैसे खेती, संघवाद , सिख संस्थाएं, बेरोजगारी, पलायन और वित्तीय दबाव—पर टिकी है। जो राष्ट्रीय नैरेटिव (मुद्दे) दूसरी जगहों पर काम करते हैं, वे अक्सर यहां सीमित चुनावी नतीजे ही दे पाए हैं। BJP के पास अपनी स्थिति सुधारने के लिए संगठन, नेतृत्व और समय है। वह अपना वोट शेयर बढ़ा सकती है और एक मजबूत ताकत के तौर पर उभर सकती है। लेकिन उसे सत्ता में बदलना एक अलग चुनौती है। पंजाब के वोटरों ने स्थापित गठबंधनों को नकारकर और विकल्पों को अपनाकर राजनीतिक जानकारों को बार-बार चौंकाया है। इसलिए, बीजेपी के लिए असली चुनौती यह तय करना नहीं है कि वह अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़े या अकेले, बल्कि किसानों के आंदोलन के दौरान खोए हुए भरोसे को फिर से कायम करना है। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक चंडीगढ़ तक का रास्ता चुनावी गणित के हिसाब से जितना है, उससे कहीं ज्यादा लंबा हो सकता है।


संदीप शर्मा, सम्पादक

# चंडीगढ़ के वार्ड-26 में गंदे पानी पर बवाल: 'टैक्स पूरा दे रहे, फिर भी पीना पड़ रहा दूषित पानी'

अजीत झा.चंडीगढ़। स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ के वार्ड नंबर-26 में गंदे और मटमैले पानी की आपूर्ति को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि नियमित रूप से हाउस टैक्स और अन्य सरकारी करों का भुगतान करने के बावजूद उन्हें स्वच्छ पेयजल और बेहतर सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें मजबूरी में दूषित पानी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।





निवासियों के मुताबिक पिछले कई दिनों से घरों में गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद न तो पानी की गुणवत्ता की जांच की गई और न ही समस्या का स्थायी समाधान किया गया। क्षेत्र के लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि एक ओर शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला स्मार्ट सिटी बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वार्ड-26 के लोग स्वच्छ पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मुद्दे को उठाते हुए महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव ममता डोगरा ने प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नागरिक समय पर अपने सभी कर अदा कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें गंदा पानी और बदहाल सफाई व्यवस्था मिल रही है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी और साफ-सफाई प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और लोगों को इन सुविधाओं से वंचित रखना प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है।




पेज 06 चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा में कार से मिला शव, हत्या की ...

# रख बाग की 10 हजार वर्ग गज जमीन पर एनजीओ ने करवाया अवैध निर्माण , सामजसेवी के रूप में चाटुकारों की चमक रही दुकान

## शिकायतकर्ता ने नगर निगम को भेजा कानूनी नोटिस, NGT के आदेशों की अवहेलना का लगाया आरोप





लुधियाना/यूटर्न/12 जुलाई। शहर के ऐतिहासिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण सैरगाह रख बाग में कथित अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर मामला एक बार फिर गरमा गया है। कुछ सीनियर सिजिटंस, मॉर्निंग वॉकर एवं बुद्धिजीवियों ने अपने एडवोकेट विकास शर्मा के माध्यम से नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी सिंह को कानूनी नोटिस भेजकर आरोप लगाया है कि कुछ चाटुकार सामजसेवी अपनी वाह वाही और राजनेताओं से नजदीकियां बढ़ाने की लालसा में सार्वजनिक सैरगाह एवं पार्क की लगभग 10 हजार वर्ग गज भूमि पर अवैध कब्जा कर स्थायी निर्माण, कमर्शियल किचन, बैंक्वेट गतिविधियां और अन्य व्यावसायिक उपयोग किए जा रहे हैं। नोटिस में नगर निगम से तत्काल कार्रवाई करते हुए कथित अवैध निर्माण हटाने, भूमि को खाली कराने तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नगर निगम के समक्ष पहले भी इस संबंध में कई बार शिकायतें और सुनवाई हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद कथित पक्षी सेवा सोसायटी एनजीओ द्वारा अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियां जारी हैं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि मामले में नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के पूर्व आदेशों की भावना का पालन नहीं किया गया और सार्वजनिक हरित क्षेत्र का संरक्षण सुनिश्चित नहीं किया गया।

कानूनी नोटिस के अनुसार, पार्क क्षेत्र में एनजीओ द्वारा सेवा के नाम पर एक बड़ा पक्का फर्श, स्थायी शेड, ईंट-सीमेंट के ढांचे, निजी बाथरूम ,कमर्शियल किचन तथा निजी समारोहों के आयोजन जैसी निरंतर गतिविधियां चलाए जाने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ताओं के वकील ने निगम से डीमार्केशन कराकर कथित अतिक्रमण हटाने, व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सतलुज के 25 हजार लापता लोगों के दावे पर केंद्रीय राज्य मंत्री बिट्टू की खुली चुनौती

## सबूत पेश करें फिल्म निमार्ता, दावा सही निकला तो माफी मांगूंगा: बिट्टू



चंडीगढ़, 12 जुलाई। केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म 'सतलुज' में दिखाए गए 25 हजार लापता अथवा अवैध रूप से अंतिम संस्कार किए गए लोगों के दावे को लेकर निमार्ता और निर्देशक को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि फिल्म में किए गए इस दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य, सरकारी रिकॉर्ड, न्यायिक निष्कर्ष और प्रमाणित आंकड़े पंजाब की जनता के सामने प्रस्तुत किए जाएं।

यदि यह दावा प्रमाणित हो जाता है तो वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं, लेकिन यदि ऐसा नहीं हुआ तो उपलब्ध संवैधानिक और कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। रवनीत सिंह बिट्टू ने रविवार को जारी बयान में कहा कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर विवादित दावों को स्थापित इतिहास के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। पंजाब का आतंकवाद का दौर बेहद संवेदनशील और पीड़ादायक रहा है, इसलिए इतिहास को तथ्यों के बजाय किसी एक विचारधारा के अनुरूप पेश करना उचित नहीं है।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि 25 हजार लोगों का आंकड़ा केवल अनुमान या आरोप पर आधारित है तो उसे फिल्म में निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य के रूप में क्यों दिखाया गया। साथ ही दर्शकों को यह क्यों नहीं बताया गया कि इस संख्या की पुष्टि किसी अंतिम न्यायिक निर्णय से नहीं हुई है।

बिट्टू ने यह भी कहा कि फिल्म में आतंकवाद के दौरान मारे गए निर्दोष हिंदुओं, बस यात्रियों, दुकानदारों, सरकारी कर्मचारियों, मजदूरों और आम नागरिकों की पीड़ा को समान महत्व नहीं दिया गया। उन्होंने पंजाब पुलिस, सुरक्षा बलों और आतंकवाद से लड़ते हुए शहीद हुए हजारों पुलिसकर्मियों के बलिदान को भी पर्याप्त स्थान न मिलने पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि पंजाब का इतिहास किसी एक पक्ष के नजरिए से दोबारा नहीं लिखा जा सकता। हर निर्दोष पीड़ित, चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय का हो, समान सम्मान और न्याय का अधिकारी है। बिट्टू ने फिल्म निर्माताओं से मांग की कि वे निर्धारित समय के भीतर अपने दावे का पूरा दस्तावेजी आधार सार्वजनिक करें, अन्यथा स्पष्ट करें कि यह आंकड़ा आधिकारिक रूप से सत्यापित नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास के मामले में तथ्य, प्रमाण और सत्य को ही सर्वोच्च महत्व मिलना चाहिए।

# खन्ना के चार गांवों को विकास कार्यों के लिए 55 लाख रुपये की सौगात : कैबिनेट मंत्री सौंद



खन्ना/यूटर्न/12 जुलाई। पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत, श्रम, पर्यटन, सांस्कृतिक मामलों और बिजली मंत्री तथा खन्ना के विधायक तरुणप्रीत सिंह सौंद ने रविवार को खन्ना विधानसभा क्षेत्र के गांव महिंदीपुर, कौड़ी, बहोमाजरा और कोट सेखों में आयोजित जन मिलनी कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 55 लाख रुपये की ग्रांट देने की घोषणा की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार का लक्ष्य गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना और प्रत्येक गांव का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कर रही है और लोगों की हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।


### सड़क धंसने पर पवन दीवान का नगर निगम पर हमला

# कहा- 'स्मार्ट सिटी' बन गई 'नरक सिटी'



लुधियाना, 12 जुलाई। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष एवं पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने शहर में लगातार धंस रही सड़कों को लेकर नगर निगम और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण लुधियाना की सड़कें जानलेवा बन चुकी हैं और कथित स्मार्ट सिटी अब नरक सिटी में बदल गई है। शहीद भगत सिंह नगर स्थित बंद पड़े सिटी सेंटर प्रोजेक्ट के पास हाल ही में सड़क धंसने की घटना का निरीक्षण करने के बाद दीवान ने कहा कि इसी स्थान पर कुछ दिन पहले भी सड़क धंसी थी, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहली ही बारिश में सड़कें टूट जाना घटिया निर्माण और अधिकारियों की लापरवाही का प्रमाण है।

# कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने बढ़ाई CCFS-2026 की समय सीमा



मंत्रालय ने डेटा सेंटर में आग लगने के बाद कंपनियों को राहत देते हुए 'कंपनी कम्प्लायंस फेसिलिटेशन स्कीम' (CCFS-2026) की समय सीमा 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त 2026 कर दी है। एडवोकेट करण चावला के अनुसार, इससे कंपनियों को अपनी लंबित वैधानिक फाइलिंग पूरी करने का एक और बड़ा मौका मिलेगा।

# पंजाब में सफाई कर्मियों का आक्रोश

## मांगों को लेकर रविवार को भी जारी रहा हड़ताल, सरकार को दी चेतावनी

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/12/जुलाई। सफाई सेवक यूनियन पंजाब के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया संघर्ष रविवार को भी जारी रहा। छुट्टी का दिन होने के बावजूद नगर परिषद जगरांव कार्यालय के बाहर सफाई कर्मियों और कर्मचारियों की भारी भीड़ जुटी। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान अरुण गिल ने किया।

इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अरुण गिल ने सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि कर्मचारी अपनी चुप्पी तोड़ें। गिल ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा, ₹सरकार ने हमसे बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। कच्चा कर्मचारी आज भी अल्प वेतन पर काम करने और ठोकरें खाने को मजबूर है। उनके अधिकारों का दमन किया जा रहा है।

यूनियन ने सरकार के समक्ष अपनी मुख्य मांगें दोहराते हुए स्पष्ट किया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, संघर्ष जारी रहेगाः सभी कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए। ठेकेदारी प्रथा को जड़ से खत्म किया जाए। वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की जाए।

कर्मचारियों के लिए ESI और EPF की सुविधा अनिवार्य रूप से लागू हो। प्रधान अरुण गिल ने सरकार को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, अगर सरकार अभी भी नहीं जागी, तो यह संघर्ष और तेज होगा। अब हम सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# पिज्जा में जिंदा सुंडी मिलने से मचा हड़कंप, सेहत विभाग की रेड में मिली कई खामियां, थाली में स्वाद नहीं, बीमारी परोसी जा रही !



लुधियाना 12 जुलाई । श्री माछीवाड़ा साहिब स्थित चर्चित फूड कैफे 'हंगरी पॉइंट' में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ग्राहक को परोसे गए पिज्जा में जिंदा सुंडी (कीड़ा) रेंगती हुई दिखाई दी। ग्राहक ने तुरंत इसकी शिकायत कैफे संचालकों से की और बाद में मामला सेहत विभाग तक पहुंच गया। घटना की जानकारी मिलते ही विभाग की टीम ने कैफे पर छापेमारी कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान अधिकारियों को कैफे में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी कई खामियां मिलीं। टीम ने मौके से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। साथ ही संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करने के आदेश दिए गए। यदि लैब रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ असुरक्षित या मानकों के विपरीत पाए जाते हैं तो संबंधित संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके के लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि फूड आउटलेट्स की नियमित जांच होनी चाहिए ताकि ग्राहकों के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। वहीं, सेहत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# 'देखो पड़ोसी कितना तरक्की कर गया' BJP का पंजाब पाठ 2027 चुनाव के लिए



चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। पंजाब में विधानसभा चुनाव होने में अभी एक साल से ज्यादा का समय है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने अपनी राजनीतिक पिच को मजबूत करना शुरू कर दिया है। पार्टी हरियाणा के नेशनल कैपिटल रीजन की विकास गाथा को एक ऐसे मॉडल के तौर पर पेश कर रही है जिसे पंजाब को अपनाना चाहिए। क्या इसका मतलब चंडीगढ़ के आस-पास 'स्टेट कैपिटल रीजन' बनाना है? खैर, यह एक बड़ा सवाल है।

पार्टी लगातार गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे NCR ज़िलों में BJP सरकारों के दौरान हुए तेजी से शहरीकरण और औद्योगिक विस्तार को उजागर कर रही है। उसका तर्क है कि अगर पंजाब में 2027 में BJP की सरकार बनती है, तो वहाँ भी इसी तरह का आर्थिक विकास हो सकता है।

यह अभियान BJP के ट्रिपल-इंजन सरकार वाले नैरेटिव पर केंद्रित है -यानी केंद्र, हरियाणा और संभावित रूप से पंजाब में भी BJP की सरकार।

पंजाब BJP के मीडिया प्रभारी विनीत जोशी ने कहा कि राज्य को औद्योगीकरण, बुनियादी ढाँचे और रोजगार सृजन पर केंद्रित एक नए विकास रोडमैप की जरूरत है। उनके अनुसार, हरियाणा का अनुभव दिखाता है कि कैसे बेहतर तालमेल वाली सरकार किसी क्षेत्र को निवेश का केंद्र बना सकती है। BJP ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी पंजाब में अपने प्रमुख प्रचारकों में से एक के तौर पर उतारा है। सैनी ने हाल के हफ़्तों में राज्य में कई कार्यक्रमों को संबोधित किया है और बार-बार हरियाणा की आर्थिक प्रगति और पंजाब की धीमी होती औद्योगिक विकास दर के बीच तुलना की है।

हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री और फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा कि पिछले दशक में गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर वैश्विक व्यापारिक केंद्र बनकर उभरे हैं, जिन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी रणनीतिक स्थिति और उद्यमिता के आधार के कारण, पंजाब भी BJP शासन में इसी तरह का विकास हासिल कर सकता है।

# मोहाली में 9 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, पुलिस रिमांड पर भेजा गया



मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। पंजाब सरकार की 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत मोहाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलौंगी थाना क्षेत्र से एक युवक को 9 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर मामले में और बरामदगी और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े खुलासे होने की संभावना है। एसएसपी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस के दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना बलौंगी पुलिस की टीम ने 10 जुलाई को बड़माजरा क्षेत्र में गश्त और चेकिंग के दौरान कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार एक युवक हाथ में लिफाफा लेकर पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने उसे घेरकर पकड़ लिया।

# मैंगो मेला ने कृषि, संस्कृति और पर्यटन को दी नई पहचानः डॉ. अरविंद शर्मा

पंचकूला/यूटर्न/12 जुलाई। पिंजौर स्थित यादविंद्रा गार्डन में आयोजित 33वें मैंगो मेले का शनिवार को भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय इस मेले में 40 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया, जबकि देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रगतिशील बागवानों ने 200 से अधिक किस्मों के आमों का प्रदर्शन कर मेले को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। समापन समारोह में हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि मैंगो मेला यह साबित करता है कि आम केवल स्वाद का विषय नहीं, बल्कि कृषि, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और उद्यमिता से जुड़ी एक बड़ी पहचान है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में यादविंद्रा गार्डन किसान की मेहनत, बागवानी की विविधता, संस्कृति की जीवंतता और हरियाणा की पर्यटन क्षमता का सुंदर संगम बनकर उभरा है।







पेज 12 दुनिया के सबसे छोटे रनवे वाले एयरपोर्ट जहां ....

# गुरुग्राम को मिला अत्याधुनिक टॉवर ऑफ जस्टिस, मुख्य न्यायाधीश बोले- मजबूत न्यायिक ढांचा ही न्याय तक आसान पहुंच की कुंजी





चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। हरियाणा की न्यायिक अधोसंरचना को बड़ी मजबूती देते हुए रविवार को गुरुग्राम में अत्याधुनिक 'टॉवर ऑफ जस्टिस' का लोकार्पण भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आधुनिक न्यायिक परिसर केवल भव्य इमारतें नहीं, बल्कि आम नागरिक तक त्वरित, प्रभावी और सुलभ न्याय पहुंचाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से राज्य में न्यायिक ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ 'ईज ऑफ जस्टिस' भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि लगभग सात एकड़ में विकसित इस आधुनिक परिसर में 55 अदालत कक्ष, बार लाइब्रेरी, बैंक, डाकघर, मध्यस्थता केंद्र तथा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनेगी। कार्यक्रम के दौरान गुरुग्राम से ही नूंह जिले के तावडू और पुन्हाना न्यायिक परिसरों का वर्चुअल शिलान्यास भी किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने निर्माण कार्य में योगदान देने वाले श्रमिकों का सम्मान करते हुए कहा कि यह परिसर न्यायपालिका में आमजन के विश्वास को और मजबूत करेगा तथा आधुनिक, पारदर्शी और संवेदनशील न्याय व्यवस्था का नया प्रतीक बनेगा।

# एसएसपी डॉ. दर्पण अहलूवालिया का अचानक निरीक्षण, खन्ना-समराला के थानों की जांच





खन्ना/यूटर्न/12 जुलाई। : पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, अनुशासित और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से एसएसपी खन्ना डॉ. दर्पण अहलूवालिया, आईपीएस ने रविवार सुबह खन्ना सब डिविजन के तीन और समराला सब डिविजन के दोनों पुलिस थानों सहित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थानों में कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड का रखरखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, हथियारों की तैयारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर दैनिक ड्यूटी व्यवस्था तथा लंबित मामलों की स्थिति की भी जानकारी ली।

डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आम लोगों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस कर्मचारियों में अनुशासन, पेशेवर कार्यशैली और समय पर कार्रवाई से ही जनता का विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे औचक निरीक्षण भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि पुलिस की कार्यक्षमता, जवाबदेही और सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार किया जा सके।

# घरेलू हिंसा केस के आरोपी को कोर्ट से मिली दुबई जाने की अनुमति

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। घरेलू हिंसा से जुड़े एक आपराधिक मामले में आरोपी जतिन को मोहाली की न्यायिक अदालत ने आधिकारिक कार्य के लिए यूएई (दुबई) जाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि आरोपी पहले भी अदालत की अनुमति से विदेश गया था और निर्धारित समय के भीतर लौटकर सभी शर्तों का पालन किया था। ऐसे में केवल आशंका के आधार पर उसकी विदेश यात्रा पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) पल्लव अरोड़ा की अदालत ने आरोपी को 11 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक यूएई जाने की अनुमति देते हुए कई कड़ी शर्तें लगाई हैं। आरोपी को 18 जुलाई तक हर हाल में अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। आवेदन में आरोपी ने बताया कि वह मोहाली स्थित स्टैकफ्लो टेक्नोलॉजीज एलएलपी (फिनवासिया ग्रुप) में 15 मार्च 2018 से कार्यरत है और वर्तमान में वाइस प्रेसिडेंट (इंजीनियरिंग) के पद पर है।

# होर्मुज में ईरान के हमले के बाद एक भारतीय लापता, 10 को बचाया गया

चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। ओमान के तट के पास साइप्रस के झंडे वाले एक कमर्शियल जहाज पर ईरान के हमले के बाद एक भारतीय क्रू मेंबर लापता है।



इस घटना के बाद भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य (र३१३ ड्ड ल्ड्ड१४९) में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता जताई है और क्षेत्र में संयम बरतने की अपील दोहराई है। विदेश मंत्रालय (टएअ) ने कहा कि *त्र्ह्ह्र गैलेक्सी* नाम के जहाज पर सवार 11 भारतीयों में से 10 को बचा लिया गया है, जबकि लापता नाविक की तलाश के लिए ओमान के अधिकारियों के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मस्कट में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। यह हमला खाड़ी क्षेत्र में फिर से बढ़े तनाव के बीच हुआ है। ईरान ने कथित तौर पर इस कमर्शियल जहाज को निशाना बनाया और दावा किया कि यह तय समुद्री रास्ते से भटक गया था। इस घटना ने दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग रास्तों में से एक की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए, विदेश मंत्रालय ने कमर्शियल जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को ₹बेहद चिंताजनक₹ बताया और तनाव कम करने की तत्काल अपील की। भारत ने आम नागरिकों के जहाजों की सुरक्षा और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आने-जाने की आजादी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक अहम रास्ता है। यह ताजा समुद्री हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ रहा है, जिससे बड़े क्षेत्रीय संघर्ष का डर पैदा हो गया है। कई देशों ने खाड़ी में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर चिंता जताई है, जहाँ कमर्शियल जहाजों पर बार-बार हो रहे हमलों से समुद्री यातायात बाधित हुआ है और अंतरराष्ट्रीय क्रू के लिए जोखिम बढ़ गया है। भारत इस बढ़ते संकट पर बारीकी से नजर रख रहा है क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में चलने वाले कमर्शियल जहाजों पर बड़ी संख्या में भारतीय नाविक काम करते हैं। सरकार ने कहा कि वह प्रभावित क्रू मेंबर और उनके परिवारों को हर संभव मदद देना जारी रखेगी और लापता भारतीय नागरिक की सुरक्षित वापसी के लिए क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेगी।

# कनाडा-फ्रांस-अमेरिका तक फैले ड्रग नेटवर्क पर शिकंजा, पंजाब के गैंगस्टरों के नाम भी आए सामने

चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। उत्तर अमेरिका में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने वैंकूवर निवासी 40 वर्षीय गरिंदर देव को फ्रांस में हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) की ओर से 37 लोगों के खिलाफ दायर आरोपपत्र के बाद की गई है, जिसमें गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई और उसका पूर्व सहयोगी गोल्डी बराड़ भी नामजद हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, गरिंदर देव का नाम पंजाब के कुख्यात जग्गू भगवानपुरिया नेटवर्क से जुड़ा है। हालांकि वह सीधे तौर पर गैंग का सदस्य नहीं था, लेकिन संगठन के वित्तीय और लॉजिस्टिक संचालन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। उसे 'डॉक्टर', 'रॉकेट' और 'रिट्ज कार्लटन' के नामों से भी जाना जाता है। डीओजे के मुताबिक, गरिंदर देव ने दक्षिणी कैलिफोर्निया से बड़ी मात्रा में कोकीन और हेरोइन खरीदकर उसे अमेरिका के पूर्वी हिस्सों तक पहुंचाने के लिए नेटवर्क तैयार किया था। जून 2025 में करीब 99.2 किलोग्राम कोकीन और एक किलोग्राम हेरोइन की खेप भेजने का प्रयास किया गया था, जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बीच रास्ते में जब्त कर लिया।

# राम नाम का जाप ही जीवन की सबसे बड़ी रक्षा और मुक्ति का मार्ग : संत अश्वनी बेदी










लुधियाना, 12 जुलाई।

श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में रविवार को आयोजित साप्ताहिक सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी के भीतर भगवान श्रीराम आत्मस्वरूप में विराजमान हैं। इसलिए सभी के प्रति प्रेम, सम्मान और करुणा का भाव रखना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि राम नाम का जाप परम निर्मल है, जो मनुष्य की सभी कामनाओं को पूर्ण करने के साथ-साथ उसे जीवन के कष्टों और संकटों से भी बचाता है।



संत बेदी जी ने कहा कि गुरु का मिलना, सत्संग प्राप्त होना और नाम की दीक्षा मिलना बड़े सौभाग्य की बात है, लेकिन वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब साधक स्वयं नियमित रूप से नाम-सिमरन करे। उन्होंने कहा कि जैसे भोजन और पानी स्वयं ग्रहण करने से ही भूख-प्यास मिटती है, उसी प्रकार स्वयं किया गया नाम-जाप ही आत्मकल्याण का मार्ग बनता है। उन्होंने श्रीरामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम दयालु और कृपालु हैं। जो व्यक्ति राम नाम का स्मरण छोड़ देता है, वह मोह-माया में फंसकर दुखों का भागी बन जाता है। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती सुदर्शन जैन, मधु बजाज, मंजू गुप्ता, पल्लवी धवन, टीटू पायलट, रामेश्वर गुप्ता, राजन कपूर, बृजेश गुप्ता, गुलाब राय, वरिंदर जैन, शशि गुप्ता, आशु जैन, साक्षी गंभीर सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## जीएमसीएच-32 में एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ीं, अब 44 नई पीजी सीटों की स्वीकृति के लिए होगा प्रयास: जितेंद्र पाल मल्होत्रा



चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा जीएमसीएच-32 में एमबीबीएस की 50 नई सीटों को मंजूरी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी की चंडीगढ़ इकाई ने इसे शहर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय 'कमलम' में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मेडिकल सेल के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा का अभिनंदन कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने बताया कि एनएमसी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से जीएमसीएच-32 की वार्षिक एमबीबीएस प्रवेश क्षमता 150 से बढ़ाकर 200 सीटें करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय चंडीगढ़ में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि सीमित सीटों के कारण अब तक अनेक मेधावी विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश नहीं मिल पाता था। सीटों में 50 की वृद्धि से अधिक छात्रों को कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और भविष्य में देश को अधिक योग्य चिकित्सक मिल सकेंगे।कार्यक्रम के दौरान भाजपा मेडिकल सेल के संयोजक ललित तकियार, सहसंयोजक दीपक पाठक और विकास बंसल ने प्रदेश अध्यक्ष से जीएमसीएच-32 के लिए प्रस्तावित 44 नई पीजी (स्नातकोत्तर) सीटों की मंजूरी भी शीघ्र दिलाने का आग्रह किया।

# भीषण गर्मी में भी सेवा का जज्बा, निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 202 यूनिट रक्त संग्रहित




## डेराबस्सी में 22वें रक्तदान शिविर का आयोजन, 60 वर्षीय महिला बनीं पहली रक्तदाता

डेराबस्सी/यूटर्न/12 जुलाई। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में 22वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद 202 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर की शुरूआत गांव छत्तबीड़ की 60 वर्षीय नछत्तर कौर ने रक्तदान कर की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी ने किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 से अब तक मिशन द्वारा देशभर में 9 हजार से अधिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से करीब 15 लाख यूनिट रक्त मानव कल्याण के लिए समर्पित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ जोन में इस वर्ष 20 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 3500 यूनिट रक्त संग्रहित होने का अनुमान है।

## चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा में कार से मिला शव, हत्या की आशंका; जांच में जुटी पुलिस



चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। डड्डूमाजरा स्थित सब्जी मंडी के पास खड़ी एक वरना कार से एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मलोया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में पुलिस हत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतक की पहचान और मौत के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कार वहां कब और किसके द्वारा लाई गई थी तथा घटना से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण सुराग मिल सकें।

## लगातार बारिश से बढ़ा खतरा, जरूरत पड़ने पर खुल सकते हैं फ्लड गेट

जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। लगातार हो रही मानसूनी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रहे पानी के कारण सुखना लेक का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने लेक और आसपास के निचले इलाकों के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार फिलहाल सुखना लेक का जलस्तर करीब 1157 फीट तक पहुंच गया है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा और पानी का स्तर और बढ़ा तो लेक के फ्लड गेट खोले जा सकते हैं, जिससे निचले इलाकों में पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है। प्रशासन ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 46.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से काफी अधिक है। लगातार हो रही वर्षा और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण लेक में जलभराव बढ़ रहा है। इसे देखते हुए किशनगढ़ सहित आसपास के निचले क्षेत्रों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। लोगों से नदी-नालों, चो और तेज बहाव वाले स्थानों से दूर रहने, बच्चों को पानी के किनारे अकेले न जाने देने तथा अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है।

यूटर्न टाइम

# फेल दवाइयां की सूची जारी होने के बाद भी नहीं लिए सैंपल

## सरकार की नशा विरोधी मुहिम को भी लगा झटका





अशोक सहगल

लुधियाना, 12 जुलाई। स्वास्थ्य विभाग के ड्रग डिपार्टमेंट ने हिमाचल में बनी हुई दवाइयां की 264 सैंपल फेल होने के बाद उसकी सूची जारी होने पर भी कोई विशेष अभियान नहीं चलाया और नाही घटिया दर्जे की दवाइयो की रोकथाम के लिए कोई कदम उठाए इससे सरकार की नशा विरोधी मुहिम को भी जबरदस्त झटका लगा है क्योंकि नींद और नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाइयां बाजार में आज भी बिक रही है और नशेड़ी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं फेल हुई दवाइयां की सूची में से दवाइयो के नाम ड्रग विभाग की जानकार के लिए यहां पर प्रकाशित किया जा रहे हैं जिसे हिमाचल के ड्रग विभाग में जारी किया है और बताया जाता है कि पड़ोसी राज्यों में भी इसकी सूची भेजी गई है उसके बावजूद उच्च अधिकारी भी खामोशी धारण किए हुए हैं।

| क्रमांक | दवा का नाम | किस बीमारी के लिए | कहां बन रही |
|---|---|---|---|
| 1 | रैबेप्राजोल सोडियम व डॉमपेरिडोन कैप्सूल | एसिडिटी, गैस, सीने में जलन, उल्टी | स्पैंकर बायोटेक लिमिटेड, मखनू माजरा, बद्दी |
| 2 | टैक्रोलिमस 2 मि.ग्रा. कैप्सूल | अंग प्रत्यारोपण के बाद इम्यून सिस्टम नियंत्रित करने में | स्पेन फॉम्युर्लेशंस, मेहतपुर, ऊना |
| 3 | प्री और प्रोबायोटिक कैप्सूल | दस्त, गैस, पेट की सूजन, पाचन सुधारने में | सीएमजी बायोटेक, संसारपुर टेरेस, कांगड़ा |
| 4 | मेट्रोनिडाजोल 400 मि.ग्रा. टैबलेट | पेट, आंत, दांत और अन्य संक्रमण | शिवा बायोजेनेटिक लैबोरेटरीज, बद्दी |
| 5 | रैबेप्राजोल सोडियम टैबलेट | एसिडिटी, अल्सर, खट्टी डकार | एम्स्टर लैब्स, भटोली कलां, बद्दी |
| 6 | एटेनोलोल व अम्लोडिपिन टैबलेट | हाई ब्लड प्रेशर, सीने में दर्द | एक्सोड्रग्स, खदीन, परवाणू |
| 7 | एसब्रोफिलीन, टरब्यूटालिन व ग्वाइफेनेसिन सिरप | बलगम वाली खांसी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस | यूनिस्पीड फार्मास्यूटिकल्स, कथा, बद्दी |
| 8 | अमोक्सिसिलिन व पोटैशियम क्लैवुलानेट सस्पेंशन | गले, कान, फेफड़े और मूत्र संक्रमण | टाइटेन्स फार्मा, बाथू, ऊना |
| 9 | एम्ब्रॉक्सोल, टरब्यूटालिन, ग्वाइफेनेसिन व मेन्थॉल सिरप | बलगम वाली खांसी और सांस की समस्या | सीगल लैबोरेट्रीज, मेहतपुर, ऊना |
| 10 | क्लॉक्सेस-एसपी टैबलेट | जोड़ों, कमर, दांत और मांसपेशियों का दर्द | सिस्टोल रेमेडीज, काला अंब, नाहन |
| 11 | डाइक्लोफेनाक सोडियम इंजेक्शन | तेज दर्द, सूजन, चोट और मोच | वीनस बायो साइंसेज, झाड़माजरी, सोलन |
| 12 | रैबेप्राजोल व डॉमपेरिडोन कैप्सूल | एसिडिटी, उल्टी, सीने में जलन | प्रॉस्पेरिटी ड्रग्स, बेलिखोल, बद्दी |
| 13 | फेरस एस्कॉर्बेट, फोलिक एसिड व जिंक कैप्सूल | खून की कमी, कमजोरी, कम हीमोग्लोबिन | कैपसॉफ्ट हेल्थकेयर, साई रोड, बद्दी |
| 14 | रैबेप्राजोल सोडियम इंजेक्शन | पेट का तेज एसिड कम करने में | मार्टिन एंड ब्राउन बायो-साइंसेस, बद्दी |
| 15 | पैंटोप्राजोल 40 मि.ग्रा. टैबलेट | एसिडिटी, अल्सर, सीने में जलन | रोमा फार्मा, बरोग, सोलन |
| 16 | टैक्रोलिमस 1 मि.ग्रा. कैप्सूल | अंग प्रत्यारोपण के बाद रिजेक्शन रोकने में | स्पेन फॉमुर्लेशन्स, मेहतपुर, ऊना |
| 17 | प्रोक्लोरपेराजीन मेलिएट टैबलेट | उल्टी, जी मिचलाना, चक्कर | आयोसिस रेमेडीज, नालागढ़ |
| 18 | स्टेराइल 10 मिलीलीटर इंजेक्शन | इंजेक्शन की दवा घोलने में | बायोआइवी लैब्स, मुस्सेवाल, नालागढ़ |
| 18 | एनरेक्स खांसी सिरप | सूखी और एलर्जी वाली खांसी | फार्मा केमिको लैबोरेट्रीज, सोलन |
| 20 | सेफिक्सिम टैबलेट | गले, कान, मूत्र और सांस के संक्रमण | वेलक्योर रेमेडीज, मोगीनंद, सिरमौर |
| 21 | अमोक्सिसिलिन व क्लैवुलैनिक एसिड टैबलेट | गले, कान, फेफड़े और मूत्र संक्रमण | पार्क फार्मास्यूटिकल्स, कालूझंडा, बद्दी |
| 22 | डाइक्लोफेनाक, पैरासिटामोल व क्लोरजॉक्साजोन टैबलेट | कमर, गर्दन, मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द | एएसपीओ फार्मास्यूटिकल्स, भटोली कलां |
| 23 | पोविडोन-आयोडीन सॉल्यूशन | कट, घाव और संक्रमण रोकने में | हेल्थ बायोटेक, सांडोली, बद्दी |
| 24 | क्लावोसिल-375 टैबलेट | गले, टॉन्सिल, कान और साइनस संक्रमण | एलेनक्योर बायोटेक, काला अं |
| 25 | एम्ब्रॉक्सोल मिश्रित सिरप | बलगम वाली खांसी, अस्थमा | सीगल लैबोरेट्रीज, मेहतपुर, ऊना |
| 26 | क्लॉक्सेस-एसपी टैबलेट | दर्द, मोच और सूजन | सिस्टोल रेमेडीज, काला अंब, नाहन |
| 27 | डाइक्लोफेनाक सोडियम इंजेक्शन | तेज दर्द, चोट और सूजन | वीनस बायो साइंसेज, सोलन |
| 28 | रैबेप्राजोल व डॉमपेरिडोन | एसिडिटी, गैस, उल्टी | प्रॉस्पेरिटी ड्रग्स, बद्दी |
| 29 | प्रोक्लोरपेराजीन टैबलेट | उल्टी और जी मिचलाना | आयोसिस रेमेडीज, नालागढ़ |
| 30 | स्टेराइल 10 मिलीलीटर इंजेक्शन | इंजेक्शन तैयार करने में | बायोआइवी लैब्स, नालागढ़ |
| 31 | एनरेक्स खांसी सिरप | सूखी और तेज खांसी | फार्मा केमिको लैबोरेट्रीज, सोलन |
| 32 | सेफिक्सिम टैबलेट | गले, कान, मूत्र संक्रमण और टाइफाइड | वेलक्योर रेमेडीज, सिरमौर |
| 33 | रामिप्रिल 2 .5 मि.ग्रा. टैबलेट | हाई ब्लड प्रेशर और दिल की कमजोरी | फामार्रूट्स हेल्थकेयर, बरोटीवाला |
| 32 | डेक्सट्रोमेथॉर्फन मिश्रित सिरप | सूखी खांसी, जुकाम, नाक बंद | साईटेक मेडिकेयर, काला अंब |
| 35 | अल्बेंडाजोल टैबलेट | पेट के कीड़े | एफी पैरेंट्रल्स, गुल्लेरवाला, बद्दी |
| 36 | ओआरएस | दस्त, उल्टी और पानी की कमी | गोवा एंटीबायोटिक्स, बरोग, सोलन |
| 37 | रैबेप्राजोल गैस्ट्रो-रेजिस्टेंट टैबलेट | एसिडिटी, अल्सर, पेट में जलन | एथेंस लाइफ साइंसेज, काला अंब |
| 38 | प्रीगाबालिन व मिथाइलकोबालामिन कैप्सूल | नसों का दर्द, झनझनाहट, सुन्नपन | एस्ट्रिस्क हेल्थकेयर, बाथरी, ऊना |
| 39 | एसिक्लोफेनाक व पैरासिटामोल टैबलेट | जोड़ों, कमर और मांसपेशियों का दर्द | टाइटेन्स फार्मा, बाथू, ऊना |
| 40 | लेवोसेटिरीजिन टैबलेट | एलर्जी, छींक, खुजली और नाक बहना | एक्टिनोवा प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी |
| 41 | ओन्डैन्सेट्रॉन टैबलेट | उल्टी और जी मिचलाना | एथेंस लाइफ साइंसेज, रामपुर जट्टान |

## घग्घर नदी में डूबे दो युवकों में से एक का शव 40 घंटे बाद मिला, दूसरे की तलाश जारी



डेराबस्सी/यूटर्न/12 जुलाई। गांव भांखरपुर के पास घग्घर नदी में मछली पकड़ने गए तीन लोगों में से दो के डूबने के मामले में 40 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीमों ने एक युवक का शव बरामद कर लिया। मृतक की पहचान मनीमाजरा निवासी दर्शन के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक सुरिंदर की तलाश देर शाम तक जारी रही।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले मनीमाजरा निवासी चंदा, दर्शन और सुरिंदर मछली पकड़ने के लिए घग्घर नदी पहुंचे थे। इसी दौरान नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में एक व्यक्ति फिसल गया। उसे बचाने के प्रयास में दर्शन और सुरिंदर भी पानी की तेज धारा में बह गए। चंदा ने किनारे पर झाड़ियों को पकड़कर अपनी जान बचाई और तुरंत प्रशासन को सूचना दी।

सूचना मिलते ही प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू किया, लेकिन नदी में तेज बहाव होने के कारण स्थानीय गोताखोर पानी में नहीं उतर सके। इसके बाद प्रशासन ने एनडीआरएफ की तीन टीमों को मौके पर बुलाया। रविवार को 24 सदस्यीय टीमों ने कई घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया और डूबने वाले स्थान से करीब एक किलोमीटर दूर दर्शन का शव बरामद कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

यूटर्न टाइम

# खड़क मंगोली में पंचकूला पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन, स्निफर डॉग के साथ संदिग्ध ठिकानों की तलाशी

कपिल नागपाल





पंचकूला/यूटर्न/12 जुलाई। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और नशे की रोकथाम के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने रविवार को खड़क मंगोली क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। सेक्टर-1 पुलिस चौकी की टीम ने इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राममेहर के नेतृत्व में स्निफर डॉग की मदद से इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने गलियों, दुकानों, खुले स्थानों, खाली प्लॉटों, झाड़ियों, संदिग्ध ठिकानों और संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की। साथ ही क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी गई और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी की गई। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और सेवन से जुड़े संभावित ठिकानों की विशेष रूप से जांच की गई। स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया कि नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास नशे से जुड़ी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना बिना किसी भय के पंचकूला पुलिस की ड्रग इन्फो हेल्पलाइन 7087081100 और 7087081048 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

पंचकूला पुलिस ने कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी कॉम्बिंग ऑपरेशन, गश्त और नशा विरोधी अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## बाबा बंदली शाह सरकार के 33वें विशाल भंडारे में राजीव कुमार लवली सम्मानित

### धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं: राजीव कुमार लवली



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/12/जुलाई। बाबा बंदली शाह सरकार के पावन आशीर्वाद से जगरांव में आयोजित वार्षिक 33वें विशाल भंडारे और सूफियाना दरबार में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में 'अकाली दल वारिस पंजाब' के जगरांव हल्का के मुख्य सेवादार राजीव कुमार लवली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दरगाह पर नतमस्तक होकर उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया।

**समाज सेवा के लिए विशेष सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान, प्रबंधक कमेटी ने राजीव कुमार लवली द्वारा समाज के प्रति किए जा रहे सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर लवली ने अपनी नेक कमाई से भंडारे के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

**भाईचारे का दिया संदेश:**

संगत को संबोधित करते हुए राजीव कुमार लवली ने कहा, ऐसे महान धार्मिक और सूफियाना समागम हमारे समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। बाबा बंदली शाह सरकार के दरबार से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। आज यहाँ आकर मुझे असीम मानसिक शांति मिली है।ड उन्होंने सम्मान के लिए प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पार्टी 'अकाली दल वारिस पंजाब' सदैव जनसेवा और पंजाब की तरक्की के लिए प्रतिबद्ध है।

**प्रबंधकों और गणमान्य व्यक्तियों की रही उपस्थिति**

इस विशाल मेले को सफल बनाने में मुख्य सेवादार सुखदेव सिंह सेबू, विक्की जगरौं, गोवर्धन कुमार, साजिद मलिक और सुरजीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जसप्रीत सिंह जस्सी ढिल्लों, जसवीर सिंह लुधियाना और अवतार सिंह लड्डू चौधरी सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

# 110 फीट सडक का सपना अफसरशाही में कैद, मंजूरियों के इंतजार में अटका चौड़ीकरण



जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। पटियाला रोड से नाभा गांव होते हुए एयरफोर्स स्टेशन तक प्रस्तावित 110 फीट चौड़ी सडक का निर्माण सरकारी प्रक्रियाओं और विभागीय तालमेल की कमी के चलते आगे नहीं बढ़ पा रहा है। करीब 3.20 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए नगर परिषद सभी औपचारिकताएं पूरी करने का दावा कर रही है, लेकिन वन एवं बिजली विभाग से आवश्यक स्वीकृतियां नहीं मिलने के कारण सडक चौड़ीकरण का काम फाइलों में ही अटका हुआ है। नगर परिषद की ओर से वन विभाग को चार और बिजली विभाग को दो नोटिस भेजे जा चुके हैं। वहीं, वन विभाग का कहना है कि केवल पत्राचार या नोटिस भेजने से प्रक्रिया पूरी नहीं होती। विभाग के अनुसार यह मामला वन भूमि डायवर्जन से जुड़ा है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर भारत सरकार से अनुमति लेना अनिवार्य है। निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पेड़ों की कटाई की अनुमति दी जा सकती है। इस बीच सडक पर लगातार बढ़ते यातायात के दबाव से लोगों की परेशानियां बढ़ रही हैं। मार्ग के दोनों ओर कई नई आवासीय सोसायटियां विकसित होने से वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। संकरी सडक के कारण सुबह और शाम के समय लंबा जाम लगना आम बात बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि चौड़ीकरण में और देरी हुई तो आने वाले समय में यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी। सडक चौड़ीकरण के लिए इस मार्ग पर खड़े 600 से अधिक पेड़ों को हटाना आवश्यक होगा।

# काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने 'वन-महोत्सव सप्ताह' के तहत लगाए पौधे





चंडीगढ़: नगर निगम के वार्ड नंबर 30 के काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने 'वन-महोत्सव सप्ताह' के तहत अपने वार्ड में मकान नंबर 215, 224, 256, 321, 327, 352, 361 और 318 के पास वाले पार्क में पौधा लगाने का अभियान शुरू किया। इलाके के लोगों ने पौधे लगाने के इस नेक काम में दिलचस्पी दिखाई और हरियाली के प्रति काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला की प्रतिबद्धता की सराहना भी की। इस मौके पर बोलते हुए काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने कहा कि अपने वार्ड को हरा-भरा बनाने के मिशन के तहत अलग-अलग जगहों पर पौधे लगाने से उन्हें संतुष्टि मिलती है, क्योंकि वह अपने वार्ड के निवासियों को साफ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने उम्मीद जताई कि वार्ड के निवासी भी इन पौधारोपण अभियानों में हिस्सा लेते रहेंगे, जिससे पेड़ लगाने के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर चरणजीत सिंह, गुरदीप सिंह, गर्ग साहिब, बंसी लाल, अशोक कुमार, रजनी, मनीषा और लक्ष्मी समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# 590 करोड़ घोटाला: पंचकूला नगर निगम के खाते से 22 ट्रांजेक्शन में निकाले गए करोड़ों

अजीत झा/कपिल नागपाल

पंचकुला/यूटर्न/12 जुलाई। हरियाणा के सरकारी विभागों से जुड़े 590 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 शाखा से जुड़े फजीवाड़े की नई परतें सामने आई हैं। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार नगर निगम पंचकूला और नगर परिषद कालका के खातों से करोड़ों रुपये कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों, बैंकिंग प्रक्रियाओं में हेरफेर और तकनीकी खामियों का फायदा उठाकर निकाले गए।




चार्जशीट के मुताबिक नगर निगम पंचकूला का खाता संख्या 10252520450, जिसे 29 अक्टूबर 2025 को खोला गया था, जांच का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यह खाता खुलने के कुछ ही दिनों बाद संदिग्ध लेनदेन का माध्यम बन गया। 27 नवंबर 2025 को खाते से पहली बार 10 करोड़ रुपये निकाले गए। इसके बाद कुल 22 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए सरकारी धनराशि निजी फर्मो के खातों में ट्रांसफर की गई। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार 27 नवंबर 2025 को चेक नंबर 000006 के जरिए 10 करोड़ रुपये का पहला बड़ा ट्रांजेक्शन किया गया। इसके बाद 29 नवंबर को चेक नंबर 000005 के माध्यम से 10 करोड़ रुपये दुर्गा फूड्स और आर.के. एंटरप्राइज सहित अन्य खातों में भेजे गए।

2 दिसंबर 2025 को चेक नंबर 000001 के जरिए 20 करोड़ रुपये, जबकि 6 दिसंबर को चेक नंबर 000004 के माध्यम से फिर 20 करोड़ रुपये विभिन्न निजी फर्मो के खातों में ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा 12 दिसंबर को चेक नंबर 000002 के जरिए भी 20 करोड़ रुपये कई निजी खातों में भेजे जाने का उल्लेख चार्जशीट में किया गया है।जांच में यह भी सामने आया है कि नगर परिषद कालका का खाता भी कथित सेंधमारी का शिकार बना। चार्जशीट के मुताबिक नवंबर 2025 के पहले सप्ताह में खोले गए खाते से 20 जनवरी 2026 को दोपहर 2:41 बजे चेक नंबर 000071 के जरिए 18.46 करोड़ रुपये निकाले गए। सीबीआई का आरोप है कि इस ट्रांजेक्शन को अंजाम देने के लिए एक फर्जी डेबिट नोट (मेमो नंबर एमसी/केएलके/नील) का इस्तेमाल किया गया, जिस पर नगर परिषद के अधिकारियों के कथित फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे।

# वार्ड-13 में लगातार चोरियों से दहशत, सड़कों पर उतरे क्षेत्रवासी

## शिवा विहार सहित कई इलाकों में वारदातें, लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की

### पार्षद बोले—सीसीटीवी लगाकर आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस





जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। ढकोली क्षेत्र के वार्ड नंबर-13 में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शिवा विहार, वसंत विहार, गुलमोहर ट्रेंड्स सोसाइटी, ढकोली गांव, पुराने कुएं और सरकारी स्कूल के आसपास आए दिन हो रही वारदातों से नाराज क्षेत्रवासी रविवार को शिवा विहार में एकत्रित हुए। लोगों ने पुलिस प्रशासन से संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय निवासियों का दावा है कि पिछले एक सप्ताह के दौरान क्षेत्र में कई चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोगों ने कहा कि चोरी हुई एक्टिवा, सोने की चेन या अन्य सामान वापस मिलना अलग बात है, लेकिन सबसे बड़ी चिंता बच्चों और परिवारों की सुरक्षा को लेकर है। शाम के समय बच्चे गलियों में खेलते हैं, ऐसे में संदिग्ध लोगों की आवाजाही से अभिभावकों में डर बना रहता है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार पुराने कुएं, सरकारी स्कूल, वसंत विहार, शिवा विहार और गुलमोहर ट्रेंड्स सोसाइटी के आसपास पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने आशंका जताई कि चोर दिन में इलाके की रेकी करते हैं और रात को सुनसान तथा कम निगरानी वाले स्थानों को निशाना बनाकर फरार हो जाते हैं।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप

लोगों ने आरोप लगाया कि चोरी की घटनाओं को लेकर थाना ढकोली में लगातार शिकायतें दी जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। इससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि नियमित पुलिस गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच शुरू की जाए, ताकि वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय निवासी प्रतिमा सिन्हा, लता, सुनीता, प्रमिला, सीमा, सत्या, चमेली देवी, सरोज, निशा रानी और वार्ड नंबर-13 के पार्षद सुखबीर सिंह लवली ने कहा कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई तो चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। उन्होंने मांग की कि संवेदनशील स्थानों पर तुरंत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, नियमित रात्रि गश्त सुनिश्चित की जाए और चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपितों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# लोहगढ़ में रक्तदान शिविर, युवाओं ने दिखाई समाज सेवा की मिसाल

## पुकार एनजीओ की पहल पर एमसी पार्क में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान




जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। लोहगढ़ स्थित एमसी पार्क में रविवार को पुकार एनजीओ की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, स्थानीय निवासियों, स्वयंसेवकों, इंटर्न्स तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम में नगर परिषद सदस्य सिमरनजीत सिंह और तेजिंदर सिंह सिद्धू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान सिमरनजीत सिंह ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं एडवामेड अस्पताल के डॉ. जतिंदर शर्मा ने भी रक्तदान कर लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर का आयोजन पुकार एनजीओ की संस्थापक शिवानी रैना के मार्गदर्शन में किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य जीएमसीएच सेक्टर-16, चंडीगढ़ की चिकित्सकीय टीम ने सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को जलपान कराया गया और सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किए गए।

इस अवसर पर नीना, कुमुद, पुनीत, अर्पण, भारत सहित पुकार टीम के सदस्य, स्वयंसेवक और इंटर्न्स मौजूद रहे।

# अंबाला थाना कार ब्लास्ट केस: पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी समेत आठ के खिलाफ एनआईए की चार्जशीट

## पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की थी साजिश




अजीत झा.चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। बलदेव नगर थाना परिसर में हुए कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विशेष एनआईए अदालत में चार्जशीट दाखिल करते हुए बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी ने पाकिस्तान स्थित कथित आतंकी शहजाद भट्टी समेत आठ लोगों को आरोपी बनाया है। जांच में सामने आया है कि पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर दहशत फैलाने के उद्देश्य से सुनियोजित साजिश रची गई थी। एनआईए के अनुसार, पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी ने सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म के जरिए भारत में अपना आतंकी नेटवर्क तैयार किया। उसने कथित तौर पर स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा की ओर प्रेरित कर हमले की योजना में शामिल किया और विदेश में रहकर पूरे मॉड्यूल का संचालन करता रहा। चार्जशीट में आकाश उर्फ सोबी उर्फ सौरभ को भारत में शहजाद भट्टी का प्रमुख सहयोगी बताया गया है। एजेंसी के मुताबिक, उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर हमले की साजिश बनाई, विस्फोटक सामग्री की व्यवस्था की और वारदात से पहले बलदेव नगर थाना परिसर की रेकी की। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने गैस सिलेंडर और अन्य विस्फोटक सामग्री से भरी एक कार को थाना परिसर में खड़ा किया था। एनआईए के अनुसार, घटना के बाद दहशत फैलाने के उद्देश्य से आरोपियों ने विस्फोट का वीडियो भी बनाया था। एनआईए ने इस मामले में शहजाद भट्टी के अलावा करमजीत सिंह उर्फ टोनी, आकाश उर्फ सोबी उर्फ सौरभ, रमन कुमार, सत्यम, सुखदेव सिंह उर्फ सुखा, अमरजीत सिंह उर्फ अंबी समेत कुल आठ आरोपियों को नामजद किया है। एजेंसी का कहना है कि डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक, दस्तावेजी और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में यह भी पाया गया कि हमले के दौरान शहजाद भट्टी भारत में मौजूद अपने सहयोगियों के लगातार संपर्क में था। एनआईए ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी के अनुसार, मामले में आतंकी फंडिंग और अन्य संदिग्ध संपर्कों की जांच अभी भी जारी है।

# भाजपा की मजबूती के लिए गांव डप्पर में बैठक



डेराबस्सी/यूटर्न/12 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से गांव डप्पर में भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की। लोगों को संबोधित करते हुए बन्नी संधू ने कहा कि देश और पंजाब में चल रही अधिकांश जनहितैषी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की भगवंत मान सरकार केंद्र की योजनाओं पर अपनी तस्वीरें लगाकर लोगों को गुमराह करने और उनका राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव और बूथ स्तर पर शिविर लगाकर लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, वृद्धावस्था पेंशन और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय प्रदेश सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर डेटा चोरी के झूठे आरोप लगाकर उन्हें थानों में बंद करवाया और केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित शिविर भी बंद करवा दिए। बन्नी संधू ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने का वादा किया था, लेकिन साढ़े चार साल बाद भी यह वादा पूरा नहीं किया गया। अब दोबारा डेटा एकत्रित कर महिलाओं और आम लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अंतर स्पष्ट करेंगे।

## मोहाली में तेज रफ्तार थार पलटी, जम्मू के 22 वर्षीय युवक की मौत

मोहाली/खरड़/यूटर्न/12 जुलाई। खरड़ में कैप्टन चौक के नजदीक तेज रफ्तार थार के पलटने से जम्मू के 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के दोस्त इसे सडक दुर्घटना बता रहे हैं, लेकिन शव पर चोट के निशान देखकर परिजनों ने घटना पर संदेह जताया है। मृतक के पिता ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की मांग करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के साथ मौजूद दोस्तों से पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सादिक शर्मा (22) निवासी अखनूर जम्मू के रूप में हुई है। उसके पिता राजिंदर कुमार ने पुलिस को बताया कि वह जम्मू में महावीर स्वीट शॉप चलाते हैं और सादिक उनके कारोबार में हाथ बंटाता था। उनके अनुसार, सादिक अपने बचपन के दोस्त वंश के बुलावे पर मोहाली आया था। वंश का एक युवती के साथ विवाद हो गया था, जो थाने तक पहुंच गया था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए सादिक पिछले तीन-चार दिनों से मोहाली में रुका हुआ था। राजिंदर कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब चार बजे सादिक के दोस्त आर्यन ने उन्हें हादसे की सूचना दी। वे तुरंत जम्मू से मोहाली पहुंचे, जहां सिविल अस्पताल में बेटे की मौत की जानकारी मिली।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### आजकल YouTube और Instagram पर खाना बनाने और खाने वाले व्लॉगर्स की वीडियो क्यों ज्यादा पसंद की जाती हैं?

आजकल YouTube और Instagramजैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खाना बनाने और खाने वाले व्लॉगर्स की वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गई हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि खाना हर व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। लोग स्वादिष्ट व्यंजन बनते हुए देखना और नई-नई रेसिपी सीखना पसंद करते हैं। खाना बनाने वाली वीडियो से दर्शकों को घर पर अलग-अलग प्रकार के व्यंजन बनाने की प्रेरणा मिलती है। व्लॉगर्स आसान तरीके से सामग्री और बनाने की विधि बताते हैं, जिससे लोगों को सीखने में सुविधा होती है। वहीं, खाने वाले व्लॉगर्स की वीडियो में अलग-अलग जगहों के प्रसिद्ध भोजन, नए स्वाद और खाने का अनुभव देखने को मिलता है। इन वीडियो की लोकप्रियता का एक कारण मनोरंजन भी है। स्वादिष्ट भोजन की सुंदर प्रस्तुति, व्लॉगर्स की बातचीत और रोचक अंदाज लोगों को आकर्षित करते हैं। कई लोग इन वीडियो को देखकर तनाव कम महसूस करते हैं और नए स्थानों के खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। आज के डिजिटल युग में लोग कम समय में मनोरंजन और जानकारी दोनों चाहते हैं। इसलिए खाना बनाने और खाने से जुड़ी वीडियो आसानी से लोगों का ध्यान खींच लेती हैं और सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### UPI Fraud हो जाए तो पैसे वापस मिल सकते हैं?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज UPI के माध्यम से करोड़ों लेन-देन हर दिन हो रहे हैं। लेकिन इसके साथ UPI Fraud के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल होता है— क्या ठगी के बाद पैसे वापस मिल सकते हैं?

इसका उत्तर है—हाँ, लेकिन यह हर मामले में संभव नहीं होता। यदि Fraud का पता चलते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, तो पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सबसे पहले अपने बैंक को तुरंत सूचना दें और 1930 Cyber Helpline पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ National Cyber Crime Porta पर भी ऑनलाइन शिकायत करें। शिकायत करते समय Transaction ID, UPI ID बैंक खाते की जानकारी और Fraud से जुड़े Screenshot सुरक्षित रखें। ये आगे की जांच में महत्वपूर्ण होते हैं। यदि ठग के खाते में पैसा अभी भी उपलब्ध है, तो संबंधित एजेंसियां उसे रोकने (freeze) का प्रयास कर सकती हैं। लेकिन यदि पैसा कई खातों में ट्रांसफर हो चुका हो या निकाल लिया गया हो, तो पैसा वापस मिलना कठिन हो सकता है। यह भी याद रखें कि यदि आपने किसी के कहने पर स्वयं UPI PIN डालकर या पैसे भेजकर Transaction किया है, तो मामले की जांच अलग तरीके से होती है। कई लोग Fraud होने के बाद कई घंटे या कई दिन तक इंतजार करते रहते हैं। यही सबसे बड़ी गलती होती है।

निष्कर्ष: UPI Fraud के बाद पैसे वापस मिल सकते हैं, लेकिन इसके लिए तुरंत कार्रवाई करना बहुत जरूरी है। जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होगी, पैसा बचने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

# दर्जनों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ





डेराबस्सी/यूटर्न/12 जुलाई। महिला कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष किरण मखीजा के नेतृत्व में रविवार को स्थानीय कांग्रेस नेता अमित बावा सैनी के कार्यालय में महिलाओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ब्लॉक डेराबस्सी शहरी महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेणू गुप्ता भी मौजूद रहीं। महिलाओं को संबोधित करते हुए किरण मखीजा ने आरोप लगाया कि पंजाब की मौजूदा सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के साथ वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन चार वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि अब केवल चुनिंदा महिलाओं के खातों में एक हजार रुपये डालकर सरकार इसे उपलब्धि के रूप में प्रचारित कर रही है। मखीजा ने कहा कि सरकार प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन महिलाओं को किए गए वादे और कथित बकाया राशि पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और वादों की वास्तविकता लोगों तक पहुंचाने के लिए डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, मोहाली के 838 बूथों पर विशेष शिविरों में सक्रिय रहे बीएलओ

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। भारत निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से जारी है। इसी क्रम में 11 और 12 जुलाई को आयोजित विशेष शिविरों के दौरान जिले के सभी 838 मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य को गति देने के साथ-साथ पात्र मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कोमल मित्तल ने बताया कि जिले में अब तक मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन का 53.95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए चुनाव शाखा की पूरी टीम लगातार सक्रिय है।

# ईडीसी के नाम पर अधिक वसूली पर एटीएस बिल्डर को झटका

**1.65 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाने के निर्देश, मोहाली उपभोक्ता आयोग ने 20 हजार रुपये हजार्ना भी लगाया**

**रीसेल प्लॉट खरीदार को भी माना उपभोक्ता, बिल्डर की सभी प्रमुख दलीलें खारिज**

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। मोहाली जिला उपभोक्ता आयोग ने ईडीसी (एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्ज) के नाम पर अधिक राशि वसूलने के मामले में एटीएस एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड और एटीएस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने दोनों कंपनियों को 1,65,943 रुपये 24 जून 2022 से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मानसिक प्रताडऩा और मुकदमेबाजी खर्च के लिए 20 हजार रुपये भी अदा करने होंगे।

आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि रीसेल में प्लॉट खरीदने वाला व्यक्ति भी उपभोक्ता की श्रेणी में आता है और बिल्डर के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराने का पूरा अधिकार रखता है। आयोग ने बिल्डर की यह दलील भी खारिज कर दी कि शिकायतकर्ताओं के साथ उसका कोई प्रत्यक्ष अनुबंध नहीं था और नगर परिषद को मामले में पक्षकार बनाया जाना चाहिए था।

शिकायतकर्ता शशि भूषण मित्तल और रेणु मित्तल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में डेराबस्सी स्थित एटीएस गोल्फ मेडोज-2 परियोजना में 350 वर्ग गज का प्लॉट मूल आवंटियों से पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम




से खरीदा था। उनके अनुसार मूल आवंटियों से बिल्डर ने ईडीसी के नाम पर 4.37 लाख रुपये वसूले थे।

बाद में नक्शा स्वीकृत कराने के दौरान नगर परिषद डेराबस्सी ने केवल 2,42,382 रुपये ईडीसी जमा कराने को कहा, जो उन्होंने जमा करा दिए। यह राशि बिल्डर ने बाद में वापस कर दी, लेकिन पहले वसूली गई राशि में से 1,65,943 रुपये अपने पास ही रख लिए।

सुनवाई के दौरान बिल्डर ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ताओं ने प्लॉट रीसेल में खरीदा है, इसलिए उनके साथ कंपनी का कोई सीधा अनुबंध नहीं था। कंपनी ने यह भी कहा कि अतिरिक्त ईडीसी मूल आवंटियों ने जमा कराई थी और मामला नगर परिषद से संबंधित है, इसलिए उपभोक्ता आयोग इसकी सुनवाई नहीं कर सकता। आयोग ने इन दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि पंजीकृत बिक्री विलेख के बाद नया खरीदार मूल आवंटी के सभी अधिकार और दायित्व का हकदार होता है। इसलिए वह उपभोक्ता है और शिकायत करने का पूरा अधिकार रखता है। आयोग ने यह भी माना कि अतिरिक्त राशि वापस न किए जाने के कारण शिकायत का अधिकार लगातार बना रहा, इसलिए मामला समय-सीमा से बाहर नहीं माना जा सकता।

फैसले में आयोग ने कहा कि विवाद नगर परिषद द्वारा वसूले जाने वाले ईडीसी का नहीं, बल्कि बिल्डर द्वारा अधिक राशि लेकर अपने पास रखने का है। ऐसे में नगर परिषद को पक्षकार बनाना आवश्यक नहीं था। आयोग ने बिल्डर के उस पत्र को भी महत्वपूर्ण साक्ष्य माना, जिसमें शिकायतकर्ताओं को नगर परिषद में 2,42,382 रुपये ईडीसी जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। इससे स्पष्ट होता है कि वास्तविक ईडीसी पहले वसूली गई राशि से काफी कम थी और 1,65,943 रुपये बिना किसी वैधानिक आधार के रोके गए। आयोग ने दोनों कंपनियों को संयुक्त रूप से 30 दिनों के भीतर पूरी राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के निर्देश दिए हैं। यदि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया तो यही राशि 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देनी होगी। इसके अलावा 20 हजार रुपये मानसिक प्रताडऩा एवं मुकदमेबाजी खर्च के रूप में भी अदा करने होंगे।

# मोहाली पुलिस ने 63 एनडीपीएस मामलों के नशीले पदार्थ नष्ट किए, 2.098 किलो हेरोइन समेत बड़ी खेप का किया निस्तारण

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में जिला पुलिस ने एक और अहम कदम उठाते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 63 मामलों में बरामद नशीले पदार्थों का कानूनी प्रक्रिया के तहत निस्तारण किया। ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में पूरी कार्रवाई निर्धारित नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध नशा कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए नशीले पदार्थों में 2 किलो 98 ग्राम हेरोइन, 25 किलो 900 ग्राम पोस्त भुक्की, 21,570 नशीली गोलियां, 2,304 कैप्सूल, 39 किलो 844 ग्राम गांजा, 9 किलो 300 ग्राम चरस तथा 55 बोतल नशीला सिरप शामिल है। इन सभी मादक पदार्थों को अदालत से संबंधित आवश्यक अनुमति और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ड्रग डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में नष्ट किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशीले पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जब्त किया गया कोई भी मादक पदार्थ दोबारा अवैध बाजार तक न पहुंच सके।

# दिल्ली से ट्राइसिटी में कोकीन सप्लाई का नेटवर्क ध्वस्त, नाइजीरियाई तस्कर गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/12 जुलाई। पंचकूला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने दिल्ली से ट्राइसिटी में कोकीन सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले करीब पांच वर्षों से कपड़ों और जूतों के कारोबार की आड़ में कोकीन की तस्करी कर रहा था।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि 17 जून को गुप्त सूचना के आधार पर पीर मुछल्ला निवासी अंचित उर्फ



चिंटू को सेक्टर-26 स्थित हर्बल पार्क के पास एक्सयूवी-500 कार सहित काबू किया गया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 43 ग्राम कोकीन की 87 गोलियां बरामद हुई। थाना चंडीमंदिर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने कोकीन पीर मुछल्ला निवासी अजय के कहने पर दिल्ली के विकासपुरी क्षेत्र में रहने वाले नाइजीरियाई नागरिक से खरीदी थी। पुलिस ने पहले अजय और बाद में दिल्ली के तिलक नगर निवासी अजा ओग्बोना को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में सामने आया कि अजा ओग्बोना वर्ष 2018 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा कि नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सिविल अस्पताल की बाल ओपीडी में बढ़े वायरल बुखार के मरीज

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। बदलते मौसम के बीच वायरल बुखार का असर बच्चों में तेजी से बढ़ रहा है। फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल की बाल ओपीडी में प्रतिदिन 15 से 20 बच्चे वायरल बुखार, सर्दी, खांसी और गले में संक्रमण की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश बच्चों में वायरल संक्रमण के कारण बुखार के मामले सामने आ रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने अभिभावकों से बच्चों की देखभाल में लापरवाही न बरतने और बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवा न देने की अपील की है.

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. साहिल विकस ने बताया कि वायरल बुखार होने पर सबसे पहले बच्चे का तापमान डिजिटल थर्मामीटर से जांचें। बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थ पिलाएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। तेज बुखार होने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार केवल पैरासिटामोल दवा दें। बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि वायरल संक्रमण में इसकी आवश्यकता नहीं होती। यदि बुखार लगातार बना रहे, बच्चा सुस्त हो जाए, सांस लेने में तकलीफ हो या बार-बार उल्टी हो तो तुरंत अस्पताल लेकर आएं।

# ग्लैमरस अंदाज में छाईं कृति सेनन, खूबसूरत मुस्कान ने बढ़ाया चार्म



समुद्र किनारे रंग-बिरंगी बिकिनी में अभिनेत्री कृति सेनन का स्टाइलिश लुक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। खुले बालों और प्यारी मुस्कान ने कृति के समर लुक को और भी आकर्षक बना दिया। फैंस अभिनेत्री के आत्मविश्वास से भरे अंदाज और नेचुरल ब्यूटी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। समुद्र और चट्टानों के खूबसूरत बैकग्राउंड के बीच कृति का यह लुक वेकेशन वाइब्स दे रहा है। कृति सेनन की यह तस्वीर फैशन, खूबसूरती और आत्मविश्वास का शानदार मेल नजर आ रही है।

यूटर्न टाइम

# दुनिया के सबसे छोटे रनवे वाले एयरपोर्ट जहां हर लैंडिंग किसी रोमांच से कम नहीं

लुधियाना, 12 जुलाई।



हवाई यात्रा आमतौर पर सुरक्षित और आरामदायक मानी जाती है, लेकिन दुनिया में कुछ ऐसे एयरपोर्ट भी हैं जहां विमान की लैंडिंग किसी रोमांचक चुनौती से कम नहीं होती। इन एयरपोर्ट्स के रनवे इतने छोटे हैं कि पायलटों को कुछ ही सेकंड में विमान को सुरक्षित उतारकर रोकना पड़ता है। ऐसे एयरपोर्ट्स पर केवल विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पायलटों को ही उड़ान भरने और लैंडिंग की अनुमति दी जाती है।

कैरेबियाई द्वीप साबा का जुआंचो ई. यरॉस्किन एयरपोर्ट दुनिया का सबसे छोटा व्यावसायिक रनवे वाला एयरपोर्ट माना जाता है। इसका रनवे मात्र 400 मीटर लंबा है और चारों ओर समुद्र तथा ऊंची चट्टानें होने के कारण यहां लैंडिंग बेहद चुनौतीपूर्ण होती है।

नेपाल का लुकला स्थित तेनजिंग-हिलेरी एयरपोर्ट भी दुनिया के सबसे खतरनाक एयरपोर्ट्स में गिना जाता है। लगभग 527 मीटर लंबे ढलानदार रनवे, खराब मौसम और ऊंचे पहाड़ों के कारण यहां हर उड़ान पायलट की कुशलता की परीक्षा लेती है। फ्रांस का कोरशेवेल अल्टीपोर्ट, कैरेबियन का गुस्ताफ क्क्कएयरपोर्ट और स्कॉटलैंड का बारा एयरपोर्ट भी अपनी अनोखी बनावट के लिए प्रसिद्ध हैं। बारा एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां विमान रेत वाले समुद्र तट पर उतरते हैं और उड़ानों का समय ज्वार-भाटा के अनुसार तय किया जाता है। हालांकि ये एयरपोर्ट देखने में बेहद जोखिम भरे लगते हैं, लेकिन कड़े सुरक्षा नियम, प्रशिक्षित पायलट और सीमित प्रकार के विमानों के संचालन के कारण यहां सुरक्षित उड़ानें संभव हो पाती हैं। यही वजह है कि दुनिया के ये छोटे रनवे वाले एयरपोर्ट विमानन प्रेमियों और यात्रियों के लिए आज भी रोमांच और आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पुल के नीचे गिरी कार, बड़ा हादसा टला

## पीछे से दूसरी कार की टक्कर के बाद बिगड़ा संतुलन, चालक सुरक्षित; दोनों पक्षों में हुआ समझौता

लालड़ू/यूटर्न/12 जुलाई। अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव सरसीनी के पास रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन चालक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार पंचकूला निवासी राजेंद्र कुमार अपनी कार से अंबाला की ओर जा रहे थे। गांव सरसीनी से कुछ दूरी आगे अचानक उनकी कार के सामने एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए राजेंद्र ने तुरंत ब्रेक लगा दी। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी कार ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से नीचे पुल के पास जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार पलट गई और उसके चारों पहिए ऊपर की ओर हो गए। दुर्घटना देख आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। दोनों कार चालकों के बीच आपसी समझौता हो गया है, इसलिए किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।



सरसीनी के निकट पुली में गिरी कार का दृश्य

# एनआरआई की चार दुकानों पर हथियारबंद बदमाशों ने किया कब्जा

## पहले मारपीट की, तोडफोड़ के बाद सामान चोरी किया, किरायेदारों को धमकाकर भागने का भी आरोप

मोहाली/यूटर्न/12 जुलाई। राजपुरा के गांव दमनहेड़ी स्थित एनआरआई की चार दुकानों पर कथित कब्जा, तोडफोड़, चोरी और मारपीट के मामले में स्टेट क्राइम पुलिस थाना मोहाली ने 25 लोगों पर मामला दर्ज किया है। आरोपियों में पांच की पहचान कर ली गई है जबकि बाकी 20 अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति बताए जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान सौरभ शर्मा, विकास शर्मा, विनोद शर्मा, पारस शर्मा और गौरव शर्मा के रूप में हुई है। यह कार्रवाई डीएसपी क्राइम जोन कर्मवीर सिंह की जांच के बाद की गई है। शिकायतकर्ताओं मनोज कुमार, दिनेश कुमार और कुसुम रानी ने आरोप लगाया था कि 26 मार्च 2026 को आरोपियों ने 30-40 लोगों के साथ उनकी दुकानों के ताले तोड़ दिए, किरायेदारों को धमकाकर भगा दिया, सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया और दुकानों पर अवैध कब्जा कर लिया। शिकायत में यह भी कहा गया कि पुलिस को सूचना देने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं हुई। संबंधित संपत्ति को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और राजपुरा की अदालतों में पहले से केस लंबित हैं और विभिन्न मामलों में स्टेटस-को के आदेश भी जारी हुए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में इसी संपत्ति को लेकर राजपुरा सदर थाने में भी आरोपियों के खिलाफ अतिक्रमण के प्रयास से संबंधित एक एफआईआर दर्ज हो चुकी है, जिसका चालान अदालत में पेश किया जा चुका है।

हमारी जांच रिपोर्ट के अनुसार मौके के निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज, दस्तावेजी साक्ष्य, गवाहों के बयान और किरायानामों से पूछताछ के बाद सामने आया कि शिकायतकर्ताओं का लंबे समय से दुकानों पर कब्जा है और उनके पास किरायेदारी संबंधी रिकॉर्ड मौजूद है।

# विश्वास फाउंडेशन ने शुरू किया पौधरोपण अभियान, गौशाला में लगाए 50 पौधे



पंचकूला, 12 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने रविवार को पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। संस्था के संस्थापक गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से अभियान के पहले दिन माजरी स्थित 'सेवा ही सेवा' संस्था द्वारा संचालित गौशाला परिसर एवं आसपास विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे लगाए गए। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखने के साथ मनुष्य, पशु-पक्षियों और प्रकृति के जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और तापमान के दौर में पौधे लगाना तथा उनकी नियमित देखभाल करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्था आने वाले दिनों में पंचकूला और आसपास के सार्वजनिक व सामाजिक स्थलों पर भी पौधरोपण करेगी। 'सेवा ही सेवा' के प्रधान रमेश अग्रवाल ने फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि पौधों से भविष्य में गौशाला परिसर में हरियाली और छाया बढ़ेगी तथा पशुओं को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# ढकोली के वार्ड-13 में चोरी की वारदातों से दहशत, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/12 जुलाई। ढकोली क्षेत्र के वार्ड नंबर-13 में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। शिवा विहार, वसंत विहार, गुलमोहर ट्रेंड्स सोसाइटी, ढकोली गांव, पुराने कुएं के पास और सरकारी स्कूल के आसपास हुई चोरी की वारदातों से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रविवार को शिवा विहार में एकत्रित हुए क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। लोगों ने संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह के दौरान क्षेत्र में दर्जनों चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उनका कहना है कि चोरी हुए सामान से ज्यादा चिंता अब परिवार और बच्चों की सुरक्षा को लेकर है। शाम के समय बच्चे गलियों में खेलते हैं, जिससे अभिभावकों में भय का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रवासियों के अनुसार चोर पहले दिन के समय इलाके की रेकी करते हैं और रात में सुनसान स्थानों को निशाना बनाकर आसानी से फरार हो जाते हैं।

# 13 जुलाई को चंडीगढ़ में कई मार्गों पर ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

चंडीगढ़/यूटर्न/12 जुलाई। शहर में 13 जुलाई को विशेष व्यवस्थाओं के मद्देनजर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने कई प्रमुख मार्गों पर आंशिक ट्रैफिक डायवर्जन और प्रतिबंध लागू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, सेक्टर-51/52 लाइट प्वाइंट से आईएसबीटी सेक्टर-43 चौक, सेक्टर-34/35-43/44 चौक (साउथ एंड चौक) से सेक्टर-21/22-34/35 चौक (पिकाडिली चौक) तक तथा हिमालयन मार्ग स्थित अरोमा लाइट प्वाइंट सहित सड़क मार्ग पर यातायात आंशिक रूप से डायवर्ट और प्रतिबंधित रहेगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372